# वृन्दावन गलियां | By Ashu Sanger

जबसे मथुरा गए हो श्याम छलिया
अच्छी नहीं लागे वृन्दावन गलियां
मोहे नहीं भावे वृन्दावन गलियां
वृन्दावन गलियां, वृन्दावन गलियां
वृन्दावन गलियां, वृन्दावन गलियां

मेरा मन सखियों में लगता नहीं
तेरे बिन मेरा एक पल भी कटता नहीं
कब सुन मैं पाउंगी तेरी बाँसुरिया
अच्छी नहीं लागे वृन्दावन गलियां
मोहे नहीं भावे वृन्दावन गलियां

अब किस से मन की बात कहूं
मैं तो एक पल की ना दूरी सहूँ
कहाँ छुप कर बैठे हो किशन कन्हैया
अच्छी नहीं लागे वृन्दावन गलियां
मोहे नहीं भावे वृन्दावन गलियां

अँखियाँ तेरी दीद की प्यासी हैं
राह देख रही तेरी दासी है
कान्हा आ भी जाओ सूनी मेरी नगरिया
अच्छी नहीं लागे वृन्दावन गलियां
मोहे नहीं भावे वृन्दावन गलियां

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%82-by-ashu-sanger/